बी.सी. में नशीले पदार्थों का उपयोग करने वाले लोगों का डीक्रिमिनलाईज़ेशन (गैर-अपराधीकरण)

डीक्रिमिनलाईज़ेशन बी.सी. में रहने वाले 18+ उम्र के बालिगों को कुछ गैर-कानूनी नशीले पदार्थों की थोड़ी मात्रा, विशेष जगाहों पर व्यक्तिगत उपयोग के लिए अपने पास रखने (‘होल्ड’) की अनुमति देता है (ओपिओइडज़, क्रैक और पाऊडर कोकेन, मैथऐमफेटामीन, MDMA)

क्यूँ

नशीले पदार्थों का उपयोग एक सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा है, आपराधिक मुद्दा नहीं है। डीक्रिमिनलाईज़ेशन से बदनामी और आपराधिक मुकदमे के उस डर को कम करने में मदद मिलती है, जो लोगों को मदद लेने के लिए पहुंच करने से रोकता है। डीक्रिमिनलाईज़ेशन को विशिष्ट जगाहों तक सीमित करना इस लक्ष्य को यह सुनिश्चित करने के महत्व के साथ संतुलित करता है कि सार्वजनिक जगाहें समुदाय के सभी सदस्यों के लिए सुरक्षित और सुलभ रहें।

कौन

बी.सी. में रहने वाले 18+ उम्र के बालिग। यह 18 साल से कम उम्र के लोगों पर लागू नहीं होता।

कब

7 मई, 2024 से,
31 जनवरी, 2026 तक।

कहाँ

बी.सी. में प्राइवेट रिहायशें, वे जगाहें जहां बिना घर वाले व्यक्ति कानूनी तौर पर आश्रय ले रहे हैं, ओवरडोज़ की रोकथाम, नशीले पदार्थों की जांच और निगरानी में नशीले पदार्थों का उपयोग करने की जगाहें, और ऐसी जगाहें जहाँ नशा करने वालों को आऊट-पेशैंट ऐडिक्शन सेवाएँ प्रदान की जाती हैं।

क्या डीक्रिमिनलाईज़ किया गया है

बी.सी. में 18+ उम्र के बालिगों को इन गैर कानूनी नशीले पदार्थों की 2.5 ग्राम के बराबर या इस से कम मात्रा, व्यक्तिगत उपयोग के लिए अपने पास रखने (‘होल्ड’) की अनुमति है:

- ओपिओइडज़ (जिस में हैरोइन, मॉर्फिन और फेंटेनल शामिल हैं)
- कोकेन (जिस में क्रैक और पाऊडर कोकेन शामिल हैं)
- मैथऐमफेटामीन (मैथ)
- MDMA (ऐक्स्टेसी)

डीक्रिमिनलाईज़ेशन इन जगाहों पर लागू होता है:

- प्राइवेट रिहायशें
- वे जगाहें जहाँ बिना घर वाले व्यक्ति कानूनी तौर पर आश्रय ले रहे हैं (अंदर (इनडोर) और बाहर (आऊटडोर) की जगाहें)
- ओवरडोज़ की रोकथाम, नशीले पदार्थों की जांच और निगरानी में नशीले पदार्थों का उपयोग करने वाली जगाहें
- ऐसी जगाहें जहां नशा करने वालों को आऊट-पेशैंट ऐडिक्शन सेवाएं प्रदान की जाती हैं

इन जगाहों पर 18+ साल की उम्र के बालिगों को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा, चार्ज नहीं किया जाएगा, ज़ुर्माना नहीं किया जाएगा या उनसे नशीले पदार्थ ज़ब्त नहीं किए जाएंगे। इस की बजाए, लोगों को स्वैच्छिक स्वास्थ्य और सामाजिक सेवाओं के बारे जानकारी की पेशकश की जाएगी।

बी.सी. में क्या गैर-कानूनी रहेगा

18+ उम्र के बालिग अपने पास यह सब नहीं रख सकते:

- छूट में शामिल किए गए नशीले पदार्थों की कुल 2.5 ग्राम से अधिक मात्रा
- अन्य गैर-कानूनी नशीले पदार्थों की कोई भी मात्रा जो छूट में शामिल नहीं किए गए हैं
- अस्पतालों, व्यवसायों, ट्रांज़िट और पार्कों जैसी सार्वजनिक जगाहों पर नशीले पदार्थों की कोई भी मात्रा

सर्वजनिक जगाहों पर नशीले पदार्थों का उपयोग गैर-कानूनी है, सिर्फ उन जगाहों को छोड़ कर जहाँ पर छूट है।

18 वर्ष से कम उम्र के युवा अपने पास किसी भी मात्रा में नशीले पदार्थ नहीं रख सकते।

गैर-कानूनी नशीले पदार्थ कानूनी नहीं हैं। उनके साथ ऐसा करने पर रोक है:

- आयात और निर्यात
- उत्पादन
- तस्करी
- स्वदेशी या अंतरराष्ट्रीय सरहद के पार ले कर जाना

संस्करण: 28 जून, 2024
ताज़ा जानकारी और छूटों की पूरी सूची के लिए, कृपया **www.gov.bc.ca/Decriminalization** पर जाएँ

BRITISH COLUMBIA
Ministry of Mental Health and Addictions

शोध की हुई छूटों के तहित डीक्रिमिनलाईज़ेशन कहाँ लागू होता है?

किसी प्राइवेट रिहायश के अंदर: प्राइवेट रिहायश एक ऐसी इमारत या इमारत का एक हिस्सा, या ट्रेलर होता है जो विशेष तौर पर रिहायशी उद्देश्य से इस्तेमाल किया जाता है, और उस में प्रौपर्टी का वह हिस्सा भी शामिल होता है जो घर के साथ लगता है, जिसे इस घर में रहने वाले लोग इस्तेमाल करते हैं (जैसे कि प्राइवेट बालकोनी या पीछे का यार्ड)। यह किसी होटल, मोटल या किसी और फैसिलिटी में रिहायश के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला प्राइवेट गैस्ट-रूम भी हो सकता है।

वे जगाहें जहाँ बिना घर वाले व्यक्ति कानूनी तौर पर आश्रय ले रहे हैं: कोई व्यक्ति कानूनी तौर पर किसी जगह पर आश्रय ले रहा तब माना जाता है यदि उस जगह पर शैलटर देने के विरुद्ध कोई बाए-लॉ (byelaws) नहीं हैं। इस परिभाषा में आऊटडोर और इनडोर ऐमर्जैंसी शैलटर, दोनों शामिल हैं। पुलिस का मानना है कि लोगों के पास विभिन्न प्रकार के शैलटर हो सकते हैं (उदाहरण के लिए, स्लीपिंग बैग, टैंट, तिरपाल, आदि), और टैंट के अंदर नशीले पदार्थों का सेवन करने को ले कर सुरक्षा संबंधित कुछ बातें ध्यान देने योग्य हो सकती हैं (उदाहरण के लिए, आग का खतरा)। ध्यान दें: डीक्रिमिनलाईज़ेशन लागू किए जाने वाले बाए-लॉ (byelaws) या शैलटर संबंधी नीतियों को नहीं नकारता।

एक निर्धारित स्वास्थ्य संभाल क्लिनिक के अंदर: निर्धारित स्वास्थ्य संभाल क्लिनिक में वे शामिल होते हैं जो मुख्य रूप से हार्म रिडक्शन (नुकसान को कम करने) की पेशकश करते हैं (उदाहरण के लिए ओवरडोज़ की रोकथाम, नशीले पदार्थों की जांच और निगरानी में नशीले पदार्थों का उपयोग करने की जगाहें) या आऊट पेशैंट ऐडिक्शन सेवाएं (उदाहरण के लिए, तेज़ी से पहुंच कर सकने वाले ऐडिक्शन क्लीनिक या अन्य कम्यूनिटी-आधारित ट्रीटमैंट क्लीनिक)।

BRITISH COLUMBIA
Ministry of Mental Health and Addictions